शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

वार्षिक परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र

सत्र: 2025-26

कक्षा: ग्यारहवीं

विषय: इतिहास (कोड: 027)

निर्धारित समय: 3 घंटे अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश:

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए:

(i) इस प्रश्न पत्र में 34 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभाजित है - खंड क, ख, ग, घ और ङ।

(iii) खंड क - प्रश्न संख्या 1 से 21 तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(iv) खंड ख - प्रश्न संख्या 22 से 27 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है· प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखें।

(v) खंड ग - प्रश्न संख्या 28 से 30 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 से 350 शब्दों में लिखें।

(vi) खंड घ - प्रश्न संख्या 31 से 33 तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं· प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।

(vii) खंड ङ - प्रश्न संख्या 34 मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल है। यह प्रश्न 5 अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

(viii) प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खंड ख, ग, और घ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान किया गया है। परीक्षार्थी को इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।

(ix) इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अलग प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर सिर्फ दृष्टिबाधित परीक्षार्थी लिखें।

## खंड क

(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)

21X1=21

1. 'मेसोपोटामिया' शब्द का शाब्दिक अर्थ है:
   a) पहाड़ों की भूमि
   b) नदियों की भूमि
   c) दो नदियों के बीच की भूमि
   d) रेगिस्तानों की भूमि

2. मेसोपोटामिया में ज्ञात सबसे प्राचीन लेखन प्रणाली कहलाती थी:
   a) रोमन
   b) संस्कृत
   c) कीलाक्षर लिपि
   d) चित्रलिपि

3. हम्मुराबी संहिता का महत्व इसलिए था क्योंकि उसने:
   a) वर्णमाला आधारित लेखन की शुरुआत की।
   b) व्यापार मार्गों की एक प्रणाली स्थापित की।
   c) सबसे पहले लिखित कानूनों में से एक को प्रस्तुत किया।
   d) पहला ऐतिहासिक उपन्यास लिखा।

4. रोमन राजनीति में 'सीनेट' शब्द का अर्थ है:
   a) जनजातीय मुखियाओं की परिषद्
   b) शासकों को सलाह देने वाले कुलीन वर्ग का विधायी निकाय
   c) एक सैन्य संगठन
   d) पुजारियों का धार्मिक समूह

5. रोमन साम्राज्य की आय का मुख्य स्रोत था:
   a) कृषि और भूमि कर
   b) औद्योगिक उत्पादन
   c) भारत और चीन के साथ समुद्री व्यापार
   d) केवल दास व्यापार

6. पूर्वी रोमन साम्राज्य को बाद में कहा गया:
   a) ओटोमन साम्राज्य
   b) बीजान्टिन साम्राज्य
   c) फारसी साम्राज्य
   d) यूनानी साम्राज्य

7. मंगोल साम्राज्य के संस्थापक थे:
   a) कुबलई ख़ान
   b) तैमूर
   c) चंगेज़ ख़ान

*d)* ओगदई ख़ान

*8.* 'पैक्स मंगोलिका' का अर्थ है*:*
a) मंगोलों के बीच गृहयुद्ध का काल
b) मंगोल शासन के अधीन यूरेशिया में शांति और स्थिरता का काल
c) धार्मिक उत्पीड़न
d) जनजातियों में साम्राज्य का विभाजन

*9.* मंगोल मूल रूप से थे*:*
a) किसान और कारीगर
b) मछुआरे
c) घुमंतू पशुपालक
d) व्यापारी और सौदागर

*10.* **निम्नलिखित का मिलान कीजिए:**

| सूची A | सूची B |
|---|---|
| (i) पादरी वर्ग | (a) योद्धा जो भूमि की रक्षा करते थे |
| (ii) कुलीन वर्ग | (b) वे जो प्रार्थना करते थे |
| (iii) किसान | (c) वे जो काम करते थे |
| (iv) जागीर संपत्ति | (d) स्वामी की संपत्ति और आर्थिक जीवन का केंद्र |

विकल्प*:*

a) (i–b), (ii–a), (iii–c), (iv–d)
b) (i–a), (ii–b), (iii–d), (iv–c)
c) (i–c), (ii–b), (iii–a), (iv–d)
d) (i–b), (ii–c), (iii–a), (iv–d)

*11.* रिक्त स्थान भरें*:*
मध्यकालीन यूरोप का आर्थिक जीवन मुख्यतः __________ प्रणाली पर आधारित था।
a) गिल्ड
b) जागीर
c) औद्योगिक
d) औपनिवेशिक

*12.* निम्नलिखित में से किस समूह ने मध्यकालीन यूरोप में प्रथम एस्टेट का गठन किया?

a) किसान
b) पादरी
c) कुलीन वर्ग
d) व्यापारी

*13.* निम्नलिखित में से कौन सा पुनर्जागरण कालीन एक प्रमुख बौद्धिक आंदोलन था?

a) यथार्थवाद
b) स्वच्छंदतावाद
c) मानवतावाद
d) सामंतवाद

*14. 14.* नीचे दो कथन दिए गए हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है। इन कथनों को पढ़ें और उपयुक्त विकल्प चुनें।

अभिकथन (A): पुनर्जागरण काल के कलाकारों ने मानव शरीर और प्रकृति का अधिक वैज्ञानिक अध्ययन करना शुरू कर दिया।

कारण (R): ऐसा इसलिए था क्योंकि कलाकार धार्मिक विषयों को अधिक यथार्थवाद के साथ चित्रित करना चाहते थे।

विकल्प:

a) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
b) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
c) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
d) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

*15.* नीचे दिए गए चित्र को पहचानें और सही विकल्प चुनें:



a) गियोटो की बाल यीशु की पेंटिंग

b) माइकल एंजेलो की पिएटा

c) ड्यूरर का ब्रश चित्र

d) द लास्ट सपर

16. माओरी कौन थे?
a) ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासी
b) न्यूज़ीलैंड के मूल निवासी
c) अफ़्रीकी जनजातियाँ
d) उत्तरी अमेरिका के शुरुआती बासिंदे

17. निम्नलिखित में से कौन सा यूरोपीय बासिंदों के अमेरिका में पश्चिम की ओर विस्तार का प्रमुख कारण था?
a) सोने और उपजाऊ भूमि की खोज
b) धार्मिक उत्पीड़न
c) यूरोप में भोजन की कमी
d) गुलामी से मुक्ति की इच्छा

18. इनमें कौन सा कथन यूरोपीय रोगों के मूल निवासियों पर पड़ने वाले प्रभाव का सबसे अच्छा वर्णन करता है?
a) मज़बूत प्रतिरक्षा के कारण इसका प्रभाव बहुत कम था।
b) प्रतिरोध की कमी के कारण जनसंख्या में भारी कमी आई।
c) इससे मूल निवासियों में चिकित्सा संबंधी प्रगति हुई।

d) इससे बसने वालों और मूल निवासियों के बीच सामाजिक संबंध मज़बूत हुए।

19. मेजी नेताओं का मुख्य लक्ष्य था:
क) सामंती सत्ता की पुनर्स्थापना
ख) पश्चिमी मॉडलों के माध्यम से जापान का आधुनिकीकरण
ग) चीनी प्रभाव का विस्तार
घ) बौद्ध पुनरुत्थान को बढ़ावा देना

20. "फुकोकू क्योहेई" ("समृद्ध देश, शक्तिशाली सेना") का नारा किससे जुड़ा है?
क) माओत्से तुंग
ख) सन यात-सेन
ग) मीजी जापान
घ) किंग चीन

21. रूस-जापान युद्ध (1904-05) में जापान की जीत ने यह दर्शाया कि:
क) एशिया एक यूरोपीय शक्ति को हरा सकता था
ख) जापान पश्चिमी सेनाओं पर निर्भर था
ग) रूस सैन्य रूप से श्रेष्ठ था
घ) एशिया में उपनिवेशवाद समाप्त हो गया था

## खंड ख
(लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

6X3=18

**22.a.** समझाइए की व्यापार और कृषि ने मेसोपोटामिया की सभ्यता की समृद्धि में किस प्रकार योगदान दिया।

**अथवा**

**b.** 'मेसोपोटामिया में लेखन, शक्ति का उपकरण और स्मृति का माध्यम दोनों था।' इस कथन को उदाहरणों सहित उचित ठहराइए।

**23.** रोमन साम्राज्य में शहरी जीवन और नागरिक पहचान के निर्माण में रोमन नगरों और वास्तुकला के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।

24. तेमूजिन (चंगेज़ ख़ान) के प्रारंभिक जीवन का वर्णन कीजिए और समझाइए की वे मंगोल जनजातियों को एकजुट करने में कैसे सफल हुए।

25. पुनर्जागरण संस्कृति के विकास में इटली के नगर-राज्य जैसे फ्लोरेंस और वेनिस की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

26. जापान के आधुनिकीकरण ने बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ तक अंतरराष्ट्रीय विश्व व्यवस्था में उसकी स्थिति को किस प्रकार प्रभावित किया? व्याख्या कीजिए।

27. a. उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के आदिवासी लोगों पर यूरोपीय उपनिवेशवाद के प्रभाव की तुलना कीजिए।

**अथवा**

b. "ट्रेल ऑफ टीयर्स" का नेटिव अमेरिकन जनसंख्या पर क्या प्रभाव पड़ा? यह अमेरिकी सरकार की आदिवासी जनजातियों के प्रति नीति के बारे में क्या दर्शाता है? चर्चा कीजिए।

## खंड ग

(दीर्घउत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

3x8=24

28. a. पश्चिमी रोमन साम्राज्य के पतन के कारणों का विश्लेषण कीजिए। इसके पतन में आंतरिक कमजोरियों और बाहरी दबावों — दोनों की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

**अथवा**

b. रोमन राजनीतिक प्रणाली की विशेषताओं की समीक्षा कीजिए। समझाइए कि सम्राट, सीनेट और सेना — तीनों ने मिलकर किस प्रकार शासन और साम्राज्य की स्थिरता में योगदान दिया।

29. a. पुनर्जागरण काल में चर्च की भूमिका और धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के क्रमिक उदय का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

***b.*** यूरोप में पुनर्जागरण के उद्भव के कारणों की व्याख्या कीजिए। उन सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारकों पर चर्चा कीजिए जिनकी वजह से इटली पुनर्जागरण का जन्मस्थान बना।

***30. a.*** मेजी पुनर्स्थापन *(Meiji Restoration)* के कारणों, रणनीतियों और परिणामों का विश्लेषण कीजिए। बताइए की जापान ने अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए किस प्रकार आधुनिकीकरण किया।

**अथवा**

***b.*** "चीन और जापान दोनों ने पश्चिमी चुनौतियों का सामना किया, लेकिन उनकी प्रतिक्रियाओं ने उनके भाग्य को अलग-अलग रूप में आकार दिया।" इस कथन क मूल्यांकन कीजिए।

खंड घ

*(स्त्रोत आधारित प्रश्न)*

3X*4*=1
2

31. दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये*:*

**रोमन अभिजात वर्ग की आमदनियाँ पाँचवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में**

रोम के ऊँचे घरानों में से प्रत्येक के पास अपने आप में वह सब कुछ मौजूद था जो एक मध्यम आकार के शहर में हो सकता है। एक घुड़दौड़ का मैदान (हिप्पोड्रोम), अनेक मंच-मंदिर, फव्वारे और विभिन्न प्रकार के स्नानागार... बहुत से रोमन परिवारों को अपनी संपत्ति से प्रतिवर्ष 4,000 पाउंड सोने की आय प्राप्त होती थी, जिसमें अनाज, शराब और अन्य उपज शामिल नहीं थीं; इन उपजों को बेचने पर सोने में प्राप्त आय के एक-तिहाई के बराबर आमदनी हो सकती थी। रोम में द्वितीय श्रेणी के परिवारों की आय 1000 अथवा 1500 पाउंड सोना थी।

– थेब्स का ओलिंपिओडोरस

31.1 पाँचवीं शताब्दी की शुरुआत में रोमन अभिजात वर्ग की आय का मुख्य स्रोत क्या था? 1

31.2 रोमन अभिजात वर्ग में किस प्रकार की संपत्ति को प्रतिष्ठा और सामाजिक स्थिति का प्रतीक माना जाता था? 1

31.3 इस स्रोत में वर्णित आय के ढाँचे से रोमन समाज की संरचना और उस समय की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बारे में क्या पता चलता है? 2

32. दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

"कितने बहादुर पुरुषों और महिलाओं ने अपने कुटुंबियों के साथ नाश्ता कर उसी रात्रि को दूसरी दुनिया में अपने पूर्वजों के साथ रात्रि भोजन किया होगा। लोगों की हालत दयनीय थी जिसे देखा नहीं जा सकता था। वे हज़ारों की संख्या में प्रतिदिन बीमार होते थे, और बिना किसी मदद के मर जाते थे। अनेक खुली गलियों में मरते थे और बाकी अपने घरों में मरते थे इसका पता उनके सड़े शरीर की बदबू से चलता था। चूँकि पवित्र कब्रिस्तान इतनी अधिक संख्या में शरीरों को दबाने के लिए पर्याप्त नहीं थे अत: उनको सैकड़ों की संख्या में बड़ी-बड़ी खंदकों में डाल दिया जाता था, जैसे कि पोत में सामान को भरा जाता है, और ऊपर थोड़ी सी मिट्टी डाल दी जाती थी।"

– जिओवानी बोकाचियो (Giovanni Boccacio) (1313-75), इतालवी लेखक

32.1 बोकाचियो के अनुसार, अपने परिजनों के साथ नाश्ता करने के तुरंत बाद कई लोगों के साथ क्या हुआ? 1

32.2 अभिषिक्त *(*पवित्र*)* कब्रिस्तानों की जगह क्यों अपर्याप्त पड़ गई? 1

33.2 ब्लैक डेथ के दौरान वर्णित परिस्थितियाँ सामाजिक और चिकित्सीय सहायता व्यवस्था के विघटन को किस प्रकार दर्शाती हैं? 2

33. दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

"प्रस्तर की पट्टी पर यह खुदा था कि *होपी यह मानते थे कि उनके पास वापस आने वाले पहले भाई और बहन धरती के पार से कछुओं के रूप में आएँगे। वे इनसान होंगे, पर कछुओं के रूप में आएँगे। इसलिए जब समय आया, तो होपी लोग धरती के उस पार से आनेवाले उन कछुओं का स्वागत करने के लिए एक खास गाँव में इकट्ठा हुए। वे सुबह-सुबह उठ गए और उन्होंने सूर्योदय देखा। उन्होंने मरुभूमि के पार निगाह दौड़ाई और उन्हें बख़्तरबंद स्पेनी कॉन्क्विस्टाडोर दिखलाई पड़े, जो धरती के उस छोर से आते कछुओं की तरह लग रहे थे। सो, उन्होंने समझा, ये वही हैं जिनका इंतज़ार था। इसलिए वे स्पेनी इनसान के पास गए और हाथ मिलाने की उम्मीद में अपना हाथ बढ़ाया, लेकिन स्पेनी ने उनके हाथ में कोई सस्ती-सी चीज़ पकड़ा दी। और इससे पूरे उत्तरी अमरीका में यह बात फैल गई कि बहुत कठिन समय आनेवाला है, कि शायद कुछ भाइयों और बहनों ने सभी चीज़ों की पवित्रता को भुला दिया है और इसकी वजह से धरती पर सभी इनसान काफी कष्ट पानेवाले हैं।"

-ली ब्राउन की एक वार्ता से, 1986

**33.1** होपी लोग उन लोगों का स्वागत करने के लिए कहाँ एकत्रित हुए जो धरती के पार से आने वाले थे? *1*

**33.2** स्पेनिश लोगों को पास आते देखकर होपी लोगों ने क्या किया? *1*

**33.3** यह विवरण होपी लोगों की आध्यात्मिक मान्यताओं और बाहरी लोगों के आगमन पर उनकी प्रतिक्रिया को किस प्रकार दर्शाता है? 2

खंड ङ

*(*मानचित्र आधारित प्रश्न*)*

5X1=5

34.1 दिये गये पश्चिम एशिया के रूपरेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों सहित चिन्हित कीजिए और उनके नाम लिखिए: 3

a. वेनिस
b. रोम
c. पाडुआ या बोलोग्ना

34.2 इसी रेखा-मानचित्र पर दो स्थान 1 और 2 के रूप में अंकित किए गए हैं। उनकी पहचान कीजिए और उनके सही नाम लिखिए। 2




नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न सं· 34 के स्थान पर दिए गए हैं।

*34·1* मंगोलों द्वारा आक्रमण किए गए किन्हीं तीन शहरों के नाम बताइए। *3*

*34·2* मेसोपोटामिया की किन्हीं दो सबसे महत्वपूर्ण नदियों के नाम बताइए। *2*